# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
# जिला–कोरिया (छ0ग0)

(07836–232721(कार्या.), 232722 (फैक्स) Email ID : korea.cg@nic.in)

क्रमांक 819 /अप0कले0/वाचक/2016 बैकुण्ठपुर, दिनांक 09/01/2017

**प्रति,**

वनमण्डलाधिकारी,
वनमण्डल कोरिया
जिला कोरिया (छ0ग0)

विषय :– राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित परसा कोल ब्लॉक में प्रभावित 841.538 हे0 वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत व्यपवर्तन के एवज में 1684.66 हे0 राजस्व वन भूमि (छोटे–बडे झाड का जंगल) में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु प्रदाय करने बावत्।

संदर्भ :– आपका पत्र पृष्ठाकंन कमांक/मा0वि0/5442, बैकुण्ठपुर, दिनांक 15.11.16

विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित परसा कोल ब्लॉक में प्रभावित 841.538 हे0 वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत व्यपवर्तन के एवज में पूर्व में चयनित 1792.94 हे0 राजस्व वन भूमि (छोटे–बडे झाड का जंगल) में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु इस कार्यालय के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया था। आपके कार्यालय द्वारा चिन्हित एवं उपयुक्त पाये गये 1792.94 हे0 राजस्व वन भूमि (छोटे–बडे झाड का जंगल) में से वर्तमान में वन अधिकार पत्र वितरित किये गये 44.78 हे0 भूमि को छोड़ दिया गया है एवं 63.50 हे0 भूमि अतिक्रमण के कारण छोड़कर अवशिष्ट रकबा 1684.66 हे0 भूमि क्षतिपूर्ति वृक्षरोपण हेतु चयनित उपयुक्त पाया जाना लेख किया गया है। उपयुक्त पाये गये क्षेत्र की जानकारी निम्नानुसार है :–

| S.n. | Village | Pat. Hal ka no | Tahsil | District | Total Area hactre (in Hectare) | FRA (in Hectare) | Encroach ment (in Hectare) | Proposed Area for Compens atory Afforesta tion (in Hectare) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pendri | 9 | Khadgawa | Korea | 97.53 | 0 | 18.94 | 78.59 |
| 2 | Bodemuda | 9 | Khadgawa | Korea | 111.86 | 0 | 3.19 | 108.67 |
| 3 | Bade kalua | 18 | Khadgawa | Korea | 112.82 | 0 | 1.55 | 111.27 |
| 4 | Gidmudi | 9 | Khadgawa | Korea | 33.44 | 0 | 0.00 | 33.44 |
| 5 | Chhote Salhi | 14 | Khadgawa | Korea | 52.70 | 0 | 3.72 | 48.98 |
| 6 | Bade Salhi | 14 | Khadgawa | Korea | 273.37 | 0 | 7.10 | 266.27 |
| 7 | Thaggaon | 10 | Khadgawa | Korea | 246.80 | 32.78 | 12.62 | 201.40 |
| 8 | Khadgawa | 10 | Khadgawa | Korea | 21.09 | 0 | 1.09 | 20.00 |
| 9 | Salka | 3 | Khadgawa | Korea | 29.83 | 0 | 6.53 | 23.30 |
| 10 | Bari | 17 | Khadgawa | Korea | 226.27 | 0 | 0.01 | 226.26 |
| 11 | Mugum | 17 | Khadgawa | Korea | 259.85 | 0 | 1.13 | 258.72 |
| 12 | Bharda | 17 | Khadgawa | Korea | 25.02 | 0 | 4.55 | 20.47 |
| 13 | Chopan | 17 | Khadgawa | Korea | 30.99 | 0 | 0 | 30.99 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Majhouli | 8 | Khadgawa | Korea | 45.21 | 4.00 | 0.00 | 41.21 |
| 15 | Dhanpur | 9 | Khadgawa | Korea | 123.83 | 4.00 | 1.69 | 118.14 |
| 16 | Jilda | 16 | Khadgawa | Korea | 102.33 | 4.00 | 1.38 | 96.95 |
| | | | Total | | 1792.94 | 44.78 | 63.50 | 1684.66 |

उपरोक्त 1684.66 हे0 राजस्व वन भूमि (छोटे बडे झाड का जंगल) पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत कोई अधिकार पत्र आवंटित नही किया गया है एवं आवंटन हेतु शेष भी नही है। राजस्व अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर सत्यापित किया गया है कि स्थल पर राजस्व अभिलेख के अनुसार सीमा लाईन (Pillaring) का निर्धारण भी पूर्ण रूपेण सही किया गया है। सीमा लाईन (Pillaring) का Backward और Forward Bearing भी नक्शे में तथा सीमा लाईन (Pillaring) पर अंकित कर दी गई है। उपरोक्त 1684.66 हे0 भूमि अतिक्रमण मुक्त है।

अतएव क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु चयनित 16 ग्रामों की कुल रकबा 1684.66 हे0 राजस्व वन भूमि (छोटे बडे झाड का जंगल) पर वृक्षारोपण हेतु वन सरंक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से जारी शर्तो के अधीन करने में इस कार्यालय को कोई आपत्ति नही है।

संलग्न : (1) ग्रामवार भूमि की सूची।
(2) ग्रामवार पंचनामा की प्रति

कलेक्टर
जिला कोरिया (छ0ग0)

पृ0 क्रमांक 820 /अप0कले0/वाचक/2016 बैकुण्ठपुर, दिनांक 02/01/2017

**प्रतिलिपि,**

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (राजस्थान शासन का उपक्रम) को उनके संदर्भित पत्र क्रमांक 2524/रा0वि0उ0/2016 जयपुर 18.11.16 के अनुक्रम में सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला कोरिया (छ0ग0)